न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (SDO) बाड़मेर

नाम पीठासीन अधिकारीः– श्री रोहित चौहान आर.ए.एस.

प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 राजीव गांधी सेवा केन्द्र आदर्श चवा

प्रार्थीगण	बनाम	विप्रार्थीगण
मोटाराम पुत्र अचलाराम जाति जाट निवासी पुनियों की बस्ती, आदर्श चवा तहसील एवं जिला बाड़मेर।		1.नेनीदेवी पत्नी तुलसाराम 2. धमेन्द्र कुमार पुत्र तुलसाराम 3. भैराराम पुत्र पन्नाराम 4. पुरखाराम पुत्र पन्नाराम 5. चुतराराम पुत्र पन्नाराम 6. मुली देवी पुत्री कुम्भाराम 7. बालाराम पुत्र कुम्भाराम 8. केसाराम पुत्र कुम्भाराम 9. दुर्गाराम पुत्र कुम्भाराम 10. नोजीदेवी पत्नी कुम्भाराम 11. वनुदेवी पत्नी धन्नाराम 12. भूरी पुत्री धन्नाराम 13. भंवरी पुत्री धनाराम जातियान जाट निवासीयान पुनियों की बस्ती आदर्श चवा तहसील व जिला बाड़मेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 करने नेखमबन्दी बाबत्

दिनांक–02.12.2021

राजस्व आवेदन संख्या–141 / 2020

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण पुनियों की बस्ती, पटवार हलका आदर्श चवा तहसील व जिला बाडमेंर के खेत खसरा नम्बर 1305 / 1107 रकबा 54.01 बीघा के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थी व विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस / पत्र सूचित करते हुऐ एक निश्चित तारीख मुकर्रर कर (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढ़ी नहीं करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 07.09.1992 के मदेनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500 / – अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी (SDO)बाड़मेर

क्रमांक / रीडर / 2021 / 6507 – 6510

दिनांक– 02/12/2021

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हैः–

1. तहसीलदार बाड़मेर पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथी अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी आदर्श चवा को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथी को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्रवाई पूर्ण करावें।
3. प्रार्थी मोटाराम पुत्र अचलाराम जाति जाट निवासी पुनियों की बस्ती, आदर्श चवा तहसील एवं जिला बाड़मेर
4. विप्रार्थी नेनी देवी पत्नी तुलसाराम वगैरा जाति जाट, निवासी पुनियो की बस्ती, आदर्श चवा तहसील व जिला बाडमेर।

उपखण्ड अधिकारी (SDO)बाड़मेर